केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9336715406
8400925463


भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :47 अंक 336 गुरूवार 2 जुलाई 2026 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## यूपी की हर पंचायत को मिलेंगे सचिव, 13116 पदों पर भर्ती को हरी झंडी

**लखनऊ (आभा)।** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में एक अच्छी सरकारी नौकरी के साथ–साथ लोगों की सेवा करने की चाहत रखने वाले युवाओं के लिए खुशखबरी है। यूपी सरकार, ग्राम पंचायतों को सशक्त और गांव सरकार को चाक चौबंद बनाने जा रही है। इस मकसद को हासिल करने के लिए प्रदेश में 13116 पंचायत सचिवों की भर्ती की जाएगी। प्रदेश का पंचायती राज विभाग तीन चरणों में यह भर्ती पूरी करेगा। एक बार भर्ती प्रक्रिया पूरी हो गई तो फिर प्रदेश की हर ग्राम पंचायत को स्वतंत्र सचिव मिल जाएंगे और पंचायतों के कामों को नई रफ्तार मिल सकेगी। पहले चरण में 4372 पंचायत सचिवों की भर्तियां की जाएंगी। उसके बाद के दो अन्य चरणों में भी बराबर संख्या में सचिवों की भर्तियां की जाएंगी।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली स्टेट एक्ज्यूकेटिव कमेटी के सामने पंचायती राज विभाग के साथ–साथ



वित्त और ग्राम्य विकास विभाग ने इन भर्तियों के लिए अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। लिहाजा भविष्य में प्रदेश की हर ग्राम पंचायत पर एक सचिव की तैनाती के प्रस्ताव पर भी शासन की ओर से सैद्धांतिक रूप से स्वीकृति दे दी गई है।

नई भर्तियों की प्रक्रिया शुरू करने के लिए पंचायत राज विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार की ओर से मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी की हुई बैठक में लिए गए निर्णय के बारे में मिनट्स (कार्यवृत) जारी कर दिए गए हैं। पंचायत राज विभाग के दस्तावेजों के अनुसार, प्रदेश में करीब 58 हजार ग्राम पंचायतों में से लगभग 42 हजार ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिव के पद खाली हैं।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव निगम ने राजकीय इंटर कॉलेज में विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान माह का फीता काटकर शुभारम्भ करते हुए जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली संचारी रोगों से बचाव, रोकथाम के लिए आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गयी। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक तथा दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक संचालित किया जाएगा।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा वर्मा ने उपस्थित लोगों को बुखार के समुचित इलाज की शपथ भी दिलाई।

## 86 वें जन्म दिन पर याद किये गये प्रसिद्ध गांधीवादी वंशीधर दूबे

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**बस्ती ।** प्रसिद्ध गांधीवादी विचारक एवं कला प्रसार समिति के उप सभापति स्वर्गीय वंशीधर दुबे को उनके 86 वें जन्म दिन पर याद किया गया। गांधी कला भवन को नई ऊंचाई देकर वैचारिक केन्द्र बनाने वाले वंशीधर दुबे की जयन्ती पर कला प्रसार समिति के सचिव एवं उनके पुत्र हरिनरायन स्वरूप के संयोजन में गांधी कला भवन स्थित महात्मा गांधी और वंशीधर दुबे की प्रतिमा पर परिजनों और समिति के सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनके योगदान पर चर्चा किया।

कला प्रसार समिति के सचिव हरिनरायन स्वरूप ने बताया कि उनके पिता आखिरी सांस तक महात्मा गांधी के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने में लगे रहे। नियति ने असमय उन्हें हमसे छीन लिया । उनका योगदान



सदैव याद किया जायेगा।

प्रमुख गांधीवादी विचारक वंशीधर दुबे के 86 वे जन्म दिन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से वीरेन्द्रनाथ पाण्डेय, अमरनाथ शुक्ल, अपूर्व शुक्ल, रश्मि, पूजा चौधरी, महेश चौधरी, सूर्यकान्त तिवारी, अरविन्द तिवारी, पदमेश दूबे, अक्षय दूबे, उदय स्वरूप, रत्नेश शुक्ल, घनश्याम मिश्र, विनय दुबे, विवेक पाल, दीन दयाल तिवारी, राकेश मिश्र, शेषनाथ पाठक, पूनम, राम अवतार, गौरवमणि, लालजी, यजत शुक्ला, परमात्मा चौधरी, राजेश चौहान, अनिरूद्ध त्रिपाठी, राजकुमार चौधरी, विश्वम्भर पाण्डेय आदि शामिल रहे।


## कोटे की दूकान को लेकर विवादः मारपीट, पीड़ित ने एसपी से लगाया न्याय की गुहार

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। कलवारी थाना क्षेत्र के सरैया बुजुर्ग गांव में पंचायत भवन पर कोटे की दुकान के वितरण को लेकर बुलाई गई बैठक में विवाद हो गया। पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर ग्राम प्रधान, सचिव और दो अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक और थानाध्यक्ष को दिए गए प्रार्थना पत्र में सरैया बुजुर्ग निवासी दलित दिनेश पुत्र पूर्णमासी ने कहा है कि गत 30 जून को गांव के पंचायत भवन में कोटे की दुकान के वितरण के संबंध में एक बैठक बुलाई गई थी, जिसमें उन्हें भी आमंत्रित किया गया था। आरोप है कि जब पीड़ित बैठक में पहुंचा, तो वहां पहले से मौजूद लवकुश, अंकुर पुत्रगण राजेंद्र और ग्राम प्रधान मीना यादव ने पुरानी रंजिश को लेकर अभद्र व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसे दौड़ा लिया।

पीड़ित का आरोप है कि विपक्षियों ने लाठी–डंडे और लोहे के कड़े से उस पर जानलेवा हमला कर दिया,



जिससे उसका सिर फट गया और वह वहीं गिर पड़ा। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना के समय मौके पर मौजूद पंचायत सचिव ने भी विपक्षियों को उकसाया और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। शोर–शराबा सुनकर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बीच–बचाव कर पीड़ित की जान बचाई। पीड़ित दिनेश का कहना है कि विपक्षी दबंग किस्म के हैं। उसने पुलिस से डॉक्टरी जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चौकी प्रभारी ने बुजुर्ग को पीटा, एसपी से शिकायत : गौर थाना क्षेत्र के टिनिच चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार कुंवर पर लगा गंभीर आरोप

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। बस्ती पुलिस पर बुजुर्ग की पिटाई का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह से मिलकर अपनी आपबीती बताई। दरोगा द्वारा बुजुर्ग की पिटाई के मामले को एसपी ने गंभीरता दिखाते हुए कार्रवाई की बात कही है।

पूरा मामला जिले के गौर थाना क्षेत्र के चौकी प्रभारी टिनिच वीरेंद्र कुमार कुंवर से जुड़ा हुआ है। चौकी क्षेत्र के घुरहूपुर गांव निवासी 65 वर्षीय हंसराज अपने गाटा संख्या 706 में बने मकान पर छत का निर्माण करवा रहे थे। उनकी पड़ोसी जनक दुलारी जो गाटा संख्या 705 और 707 पर न्यायालय से स्टे ली हुई है। उन्होंने निर्माण कार्य में अवरोध पैदा करते हुए पुलिस से काम रोकने की शिकायत की। इसके बाद चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और हंसराज सहित उनके परिवार के



तीन लोगों को चौकी पर ले आए। हंसराज ने बताया कि उन्होंने जमीन से जुड़ा सभी अभिलेख चौकी प्रभारी को दिखाया। जिसमें स्पष्ट है कि जनक दुलारी द्वारा 705 और 707 गाटा संख्या पर स्टे लिया गया है। 706 पर कोई स्टे नहीं है। बावजूद इसके चौकी प्रभारी द्वारा काम रुकवा दिया गया। जब पीड़ित ने उनसे इसका कारण पूछा तो उन्होंने उसके साथ गाली–गलौज की और चौकी पर उसकी पिटाई कर दी। चौकी प्रभारी यही नहीं माने उन्होंने शांति भंग में हंसराज सहित तीन लोगों का चालान किया। इसके बाद उप जिलाधिकारी भानपुर सत्येंद्र सिंह द्वारा तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। हंसराज पुलिस से लेकर प्रशासन के अधिकारियों के सामने गुहार लगाते रहे। अपने सभी अभिलेख दिखाते रहे। लेकिन किसी ने उनकी कोई सुनवाई नहीं की। चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार कुंवर द्वारा चौकी के भीतर गाली गलौज करने और पिटाई करने की शिकायत उन्होंने पुलिस अधीक्षक से की है। जिसमें अधिकारियों के स्तर से कार्रवाई की बात कही जा रही है। इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब न्यायालय द्वारा हंसराज के गाटा संख्या 706 को लेकर कोई इसके आर्डर नहीं जारी किया गया है, तो आखिर पुलिस और प्रशासन ने किस नियम के तहत उनका निर्माण कार्य रोकते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की है।

## शिक्षा के बाजारीकरण, पेपर लीक, फीस भरपाई, यूजीसी को लेकर मेधा ने प्रधानमंत्री को भेजा 9 सूत्रीय ज्ञापन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। बुधवार को मेधा पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीनदयाल तिवारी के नेतृत्व में पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने छात्रों, नौजवानों के साथ शिक्षा, पेपर लीक, यूजीसी रेगुलेशन 2026 की वापसी आदि के सवाल को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को 9 सूत्रीय ज्ञापन भेजा।



### –गरीब छात्रों तक पहुंचे निःशुल्क शिक्षा का लाभ– दीनदयाल तिवारी

ज्ञापन सौंपने के बाद मेधा प्रवक्ता दीनदयाल तिवारी ने कहा कि मेधा द्वारा शिक्षा के बाजारीकरण, पेपर लीक, फीस भरपाई, वजीफा आदि सवालों को लेकर निरन्तर संघर्ष किया जा रहा है। जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता चरणबद्ध ढंग से आन्दोलन जारी रहेगा।

प्रधानमंत्री को भेजे 9 सूत्रीय ज्ञापन में पेपर लीक करने वालों पर कठोर कार्रवाई के साथ सरकारी संस्थानों द्वारा परीक्षा कराने, यूजीसी रेगुलेशन 2026 की वापसी करते हुए यूनिवर्सिटी को विषाक्त वातावरण से सुरक्षित करने, मेधा पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शुक्ल पूर्व आईएएस के संघर्षों से हासिल दशमोत्तर कक्षाओं में फीस भरपाई एवं वजीफा का शत–प्रतिशत सुविधा उपलब्ध कराये जाने,चाहे शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान सहायता प्राप्त सरकारी हो या गैर सहायता प्राप्त निजी शिक्षण–प्रशिक्षण हो, फर्जी एससी–एसटी एक्ट में दर्ज मुकदमे वापस कराये जाने, अनूसूचित जाति एवं जनजाति के बच्चों को प्राथमिक से लेकर दशमोत्तर कक्षाओं में शून्य फीस पर दाखिला कराये जाने, 6 साल से 14 वर्ष तक के गरीब निर्धन परिवारों के पाल्यों को प्राइवेट स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित कराये जाने, एक देश में एक समान पाठ्यक्रम लागू कर प्राइवेट स्कूलों में साल दर साल किताबों के बदलाव एवं कापी किताब स्कूल ड्रेस जूता मोजा आदि पर जबरदस्त कमीशनखोरी पर रोक लगाने, जिन अभिवावकों की वार्षिक आय आठ तक है उनके बच्चे पच्चीस लाख की फीस किस प्रकार से भर सकते हैं या उनके बच्चे ऐसे शिक्षण–प्रशिक्षण संस्थानों में गरीबी के आधार पर शिक्षा से वंचित रहेंगे या सरकार उसका कोई समाधान करेगी, इसका स्पष्टीकरण करने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने में आ रही बाधा समाप्त किये जाने, भरत भूषण तिवारी बेलौटी भोजपुर बिहार हत्याकांड में दोषी पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी कर कड़ा दण्ड दिलाये जानें आदि की मांग शामिल है।

ज्ञापन देने के दौरान राहुल तिवारी, संजय प्रधान, कैलाश शर्मा, रूद्र आदर्श पाण्डेय, रामरीका पाण्डेय, घनश्याम मिश्र, अरविन्द तिवारी, सूर्यकान्त तिवारी, राजेश मिश्र, अंशू चौरसिया, गौरवमणि तिवारी, विवेक पाल, गिरीश चन्द्र गिरी के साथ ही बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## सोशल मीडिया पर अभद्र जातिगत टिप्पणी के विरोध में भारतीय विद्यार्थी मोर्चा ने सौंपा पत्रः दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। भारतीय विद्यार्थी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमर जीत आर्य पुत्र गंगा राम आर्य, निवासी ग्राम कोपवा, थाना कोतवाली, जिला बस्ती ने पुलिस अधीक्षक को सम्बोधित शिकायती पत्र अपर पुलिस अधीक्षक को सौंपकर हर्षित दुबे पुत्र ललन दुबे, निवासी ग्राम पिपरा मेघऊ थाना कोतवाली के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

अपर पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपने के दौरान भारत मुक्ति मोर्चा पूर्वान्चल जोन प्रभारी आर.के. आरतियन, बहुजन मुक्ति पार्टी के मण्डल अध्यक्ष हृदय गौतम, राम सुमेर यादव, सरिता भारती, दीपक आर्य आदि ने मांग किया कि प्रकरण की जांच और मुकदमा पंजीकृत कराकर न्याय दिलाने की मांग किया।

पत्र में कहा गया है कि अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले अमर जीत आर्य विद्यार्थियों के हितों और समाज में पीड़ित–दुखियों की आवाज उठाने का काम करते हैं, को लेकर कुछ लोग पहले से ही द्वेष भावना रखते हैं। आरोप है कि हर्षित दुबे ने अपने सोशल मीडिया फेसबुक अकाउंट के माध्यम से जानबूझकर जातिसूचक अपशब्दों का प्रयोग करते



हुए शिकायतकर्ता की मां–बहनों को अभद्र भाषा में गाली दी और सार्वजनिक रूप से पोस्ट किया। इस घटना से दलित समुदाय सहित बहुजन समाज के विभिन्न संगठनों में भारी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि थाना कोतवाली में इस संबंध में लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन मुकदमा दर्ज करने के बजाय साइबर सेल में तैनात एक कांस्टेबल द्वारा बार–बार फोन कर समझौते का दबाव बनाया गया। आरोप है कि जब बात नहीं मानी गई तो फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी गई, जिसका स्क्रीनशॉट भी शिकायत पत्र के साथ संलग्न किया गया है।

मुकदमा दर्ज न होने से आरोपी का मनोबल बढ़ा हुआ बताया जा रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि हर्षित दुबे ने फेसबुक पर वीडियो के माध्यम से क्प्ळ महोदय को भी धमकी दी है कि यदि मुकदमा दर्ज हुआ तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। भारतीय विद्यार्थी मोर्चा ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपी के विरुद्ध अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम और आईटी एक्ट की संबंधित गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## समाजवादियों ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जन्म दिन पर केक काटकर साझा किया खुशियांः पौधों का वितरण कर सपा की मजबूत सरकार बनाने का लिया संकल्प





**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुंख्यमंत्री अखिलेश यादव का 53 वां जन्म दिन पं. अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह परिसर में केक काटकर मनाया गया। इसके साथ ही उपस्थित लोगों में पौध वितरित कर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुये आगामी विधानसभा के चुनाव में मजबूत सरकार बनाने का संकल्प लिया गया।

सपा जिला अध्यक्ष एवं सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि ऐसे समय में जब मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के मंदिर से करोड़ो रूपयों की चंदा चोरी हो गई, भारतीय जनता पार्टी और संघ परिवार के लोग संविधान को बदलने की बात कर रहे हों, अखिलेश यादव युवाओं, छात्रों, गरीबों, अल्पसंख्यकों के साथ ही जन–जन की उम्मीद है। जिस प्रकार से उन्होने सबसे कम उम्र का मुख्यमंत्री बनकर उदाहरण बनाया था ठीक उसी तरह वे प्रदेश और राष्ट्रीय राजनीति में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। कहा कि अखिलेश यादव युवाओं की प्रेरणा हैं और उनके नेतृत्व में पार्टी निरंतर मजबूत हो रही है। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष के विचारों और नीतियों को जन–जन तक पहुँचाने का काम करें। उनके जन्म दिन के उपलक्ष्य में पौधरोपण के साथ ही जनपद में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, सपा विधायक कविन्द्र चौधरी अतुल, राम सिंह यादव, विपिन

### –युवाओं, छात्रों, गरीबों, अल्पसंख्यकों के साथ ही जन–जन की उम्मीद हैं अखिलेश यादव– महेन्द्रनाथ यादव

सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकपूर यादव, जावेद पिण्डारी, मो. सलीम, मो0 स्वालेह, पूर्व प्रमुख गोपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह छोटे, राघवेन्द्र सिंह, हरीश गौतम, जमील अहमद, गुलाब सोनकर, आर.डी. निषाद, अखिलेश यादव, हरेश्याम विश्वकर्मा, नितराम चौधरी, रामशंकर निराला आदि ने अखिलेश यादव के यशस्वी जीवन की कामना करते हुये कहा कि आज प्रदेश और देश जिन परिस्थितियों से गुजर रहा है ऐसे में हम समाजवादियों को आपसी भाईचारा बनाने के लिये अभियान तेज करना होगा। वक्ताओं ने कहा कि लोकसभा के चुनाव में जनता का जो विश्वास पार्टी को मिला है अखिलेश जी के जन्म दिन पर संकल्प लेकर इसे आगे बढना होगा जिससे पार्टी आगामी विधानसभा के चुनाव में निर्णायक जीत अर्जित कर सके।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुंख्यमंत्री अखिलेश यादव के 53 वें जन्म दिन पर आयोजित कार्यक्रमों में मो० शमीम, भोलू, अजय यादव, अरविन्द सोनकर, मो० युनुस आलम, मो० आमिर, राजेश यादव एडवोकेट, बैजनाथ शर्मा, सौरभ मिश्रा, धुप चन्द चौधरी, रितिक बाबा वाहिनी, सुशील यादव, डा० दिवेन्द्र श्रीवास्तव, प्रशान्त यादव, रजनीश, सन्तू, अशोक यादव, गिरधारी लाल, रमेश राना, रामचन्दर कन्नौजिया, विवेक यादव, एजाज अहमद, अकबर अली, सुनील यादव, शमीम प्रधान, प्रदीप यादव, राहुल यादव और शशि प्रधान, दीपक आर्या, सुनील यादव, शमीम प्रधान, प्रदीप यादव, राहुल यादव सहित बड़ी संख्या में उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर एक–दूसरे को के खिलाकर खुशियों को साझा किया और सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव के सुदीर्घ जीवन की कामना किया।

## स्कूल चलो अभियान रैली में गूंजा शिक्षा का संदेश, नामांकन बढ़ाने पर जोर

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। विकासखंड हर्रैया में बुधवार को स्कूल चलो अभियान के तहत भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व खंड शिक्षा अधिकारी विजय आनंद ने किया, जबकि मुख्य अतिथि विक्रमजोत ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह ने प्राथमिक विद्यालय हर्रैया प्रथम से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली प्राथमिक विद्यालय हर्रैया प्रथम से शुरू होकर पुरानी तहसील के बगल से बाईपास, मुरादीपुर चौराहा और मनोरमा पुल के समीप से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में बैंड पार्टी और डीजे के साथ स्कूल चलो अभियान के प्रेरक गीत बजाए जा रहे थे। स्कूली बच्चे हाथों में आकर्षक तख्तियां लेकर चल रहे थे, जिन पर हर बच्चा स्कूल जाएगा, भारत का भविष्य मुस्कुराएगा। आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे। शिक्षा है सबका अधिकार, अब न रहे कोई लाचार। बेटा–बेटी एक समान, दोनों को दो शिक्षा का सम्मान जैसे जागरूकता संदेश लिखे थे। विद्यार्थियों ने पूरे मार्ग में लोगों से अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने और





नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन कराने और उन्हें नियमित विद्यालय भेजने का आह्वान किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना है। इसके लिए शिक्षक घर–घर संपर्क कर नामांकन बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। एआरपी संतोष कुमार शुक्ल, मनोज मिश्र, राजीव शुक्ल, काशीराम वर्मा एवं रवीश कुमार मिश्र ने भी अभियान को जनआंदोलन बनाने तथा प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने का आह्वान किया।

रैली में मुख्य रूप से चंदारानी, उर्मिला पाण्डेय, सुधा श्रीवास्तव, निरुपमा तिवारी, मीरा चौधरी, प्रतिमा श्रीवास्तव, तान्या सिंह, गायत्री यादव, शिल्पी गुप्ता, साहिबा खातून, श्री नारायन मिश्र, ओम प्रकाश, सर्वदेव सिंह, उदय प्रताप सिंह, दिवाकर रंजन ओझा, राम सागर, योगेश सिंह, चिन्मय राय, राम रक्षा, जय शंकर पाण्डेय, प्रदीप मलिक, वीरेन्द्र कुमार, अरविंद विश्वकर्मा, अर्जुन कुमार, सुधीर सिंह, मनोज वर्मा, हरी सिंह, विजय कुमार, विश्वजीत गुप्ता, विकास दीप निगम, पीयूष यादव, पवन वर्मा, राकेश प्रकाश श्रीवास्तव, सुनील कुमार, ऋषि सिंह आदि उपस्थित रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 2 जुलाई 2026 गुरूवार

## सम्पादकीय

### सरकारी स्वास्थ्य सेवा और भ्रष्टाचार

प्रायः सभी सरकारें जनता के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर सबसे ज्यादा ध्यान देने का भरोसा देती हैं, लेकिन इस महकमे में पसरी अव्यवस्था और लोगों को होने वाली असुविधाओं के वास्तविक कारणों को दूर करने को लेकर शायद ही कभी संजीदा होती हैं। दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों में जिस तरह के घोटाले का खुलासा हुआ, उससे एक बार फिर यही पता चलता है कि सरकारों के लिए आम नागरिकों को एक सुव्यवस्थित और पारदर्शी स्वास्थ्य तंत्र मुहैया कराने का मुद्दा किस हद तक उपेक्षित है।

गौरतलब है कि दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग में दवाओं, शल्य चिकित्सा संबंधी सामग्री सहित अन्य उपकरणों की खरीद में कुछ समय पहले करीब साढ़े छह सौ करोड़ रुपए का घोटाला उजागर हुआ। अब इसी मामले की छानबीन के क्रम में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के दो पूर्व अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपों के मुताबिक, स्वास्थ्य सेवाओं की पूर्व महानिदेशक के अधीन संचालित केंद्रीय खरीद एजंसी के जरिए शल्य चिकित्सा से जुड़े उपकरणों और अन्य चिकित्सा सामग्री की खरीद में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई।

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिन अस्पतालों पर एक बड़ी आबादी अपनी बीमारियों के इलाज से लेकर आपात स्थिति में जान बचाने तक के लिए निर्भर होती है, उसे संचालित करने वाले अधिकारी खुद भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जा रहे हैं। यह छिपा तथ्य नहीं है कि सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए आमतौर पर समाज का वही तबका जाता है, जो निजी अस्पतालों में महंगे इलाज का खर्च वहन नहीं कर पाता है।

सरकारी अस्पतालों में इलाज के क्रम में अक्सर मरीजों को चिकित्सा सामग्री की कमी का सामना करना पड़ता है, उनके परिजनों को अपने पैसे से दवा या अन्य चिकित्सा उपकरण बाहर से खरीदने पड़ते हैं। जबकि सामान्य स्थितियों में अस्पतालों में मरीजों के इलाज के लिए दवाओं से लेकर अन्य चिकित्सा सामग्री सरकार की ओर से मुहैया कराई जाती है। मगर जब संसाधनों की खरीद से जुड़े अधिकारी ही दवा और अन्य जरूरी उपकरणों की खरीद को निजी कमाई और भ्रष्टाचार का जरिया बना लें, तो मरीजों के प्रति उनकी संवेदनहीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

सवाल है कि इस स्तर का भ्रष्टाचार लंबे समय तक कैसे जारी रह पाता है और सरकार के तहत काम करने वाली भ्रष्टाचार निरोधक एजंसी तथा अन्य निगरानी तंत्र क्या कर रहे होते हैं। देश की राजधानी होने के नाते उम्मीद की जाती है कि दिल्ली में शासन–तंत्र अपेक्षया बेहतर तरीके से काम करता होगा और किसी भी महकमे में भ्रष्टाचार को रोकने को लेकर ज्यादा चौकस होगा। मगर अलग–अलग विभागों में अक्सर जिस तरह की अनियमितताएं सामने आती रही हैं, उससे साफ है कि यहां भी अन्य जगहों की तरह ही भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को समय पर रोक पाना एक मुश्किल काम है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि स्वास्थ्य महकमे में होने वाला घोटाला सीधे–सीधे आम जनता की सेहत और जीवन से जुड़ा मसला है। स्थानीय स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर बड़े अस्पतालों तक में चिकित्सा संसाधनों के अभाव के मामले जगजाहिर रहे हैं।

साधारण और गरीब तबकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के बजाय अस्पतालों में जारी भ्रष्टाचार पर अगर रोक नहीं लग पा रही है, तो सरकार के जनहित में व्यापक कल्याण कार्यक्रम संचालित करने के दावों को कैसे देखा जाएगा?

### जानलेवा होती एसी

आज के समय में एयर कंडीशनर (एसी) को विलासिता की वस्तु के बजाय रोजमर्रा की जरूरत के सामान की तरह देखा जाने लगा है। मगर घर और कमरे के तापमान को ठंडा रखने की यह सुविधा अब जोखिम का सबब बनती जा रही है। हाल के वर्षों में एसी में विस्फोट से आग की घटनाएं एक गंभीर खतरे के रूप में उभरकर सामने आई हैं।

ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेक्टर–119 में सामने आई, जहां एक इमारत की इक्कीसवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में एसी में धमाका होने से आग लग गई। हालांकि, इस हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन इसने बहुमंजिला इमारतों में आपात स्थिति में सुरक्षा प्रबंधों पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। इतनी ऊंची इमारत में आग बुझाने में दमकल कर्मियों को कई घंटे लग गए। ऐसे में इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि विभागीय तैयारियों की मौजूदा चुनौतियों के लिहाज से गहन समीक्षा किए जाने की जरूरत है। गौरतलब है कि पिछले दो माह के भीतर देश भर में एसी में विस्फोट से आग की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें संपत्ति के साथ मानवीय क्षति भी हुई है। खबरों के मुताबिक, इस अवधि में नोएडा में ही अब तक डेढ़ सौ से ज्यादा ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं।

एसी में विस्फोट के कई कारण हो सकते हैं। मसलन, लगातार चलाने से कंप्रेसर पर अत्यधिक दबाव, गैस का रिसाव या फिर एसी से जुड़े बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट से भी आग लगने का खतरा बना रहता है। फिर एसी की गुणवत्ता में गिरावट भी एक अहम सवाल है। ऐसी घटनाओं में जान–माल का नुकसान न हो, इसके लिए इमारतों में सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त होने चाहिए। मगर यह अफसोसनाक है कि इस ओर न तो शासन–प्रशासन और न ही भवन निर्माताओं का ध्यान जाता है। यही नहीं, दमकल विभाग में संसाधनों का अभाव भी किसी से छिपा नहीं है। इसका ताजा उदाहरण नोएडा में हुए हादसे के दौरान देखने को मिला, जब दमकल गाड़ियों से पानी की बौछार तेरहवीं मंजिल से ऊपर नहीं पहुंच सकी। जाहिर है कि ऐसे खतरों से निपटने के लिए व्यवस्था को हर स्तर पर अधिक सक्षम, आधुनिक और चाक–चौबंद बनाने की आवश्यकता है।

# आस्था की चौखट पर असुरक्षा के यक्ष प्रश्न



—डॉ. प्रियंका सौरभ—




भारत की सांस्कृतिक पहचान केवल उसके इतिहास, भाषाओं और परंपराओं से नहीं बनती, बल्कि उन आस्था–स्थलों से भी निर्मित होती है जिन्होंने सदियों से समाज को नैतिकता, सहअस्तित्व और सामुदायिक एकता का संदेश दिया है। मंदिर केवल पूजा–अर्चना के स्थान नहीं हैंय वे विश्वास, संस्कृति, लोकजीवन और सामाजिक सहभागिता के जीवंत केंद्र हैं। यहां लोग केवल ईश्वर के दर्शन करने नहीं आते, बल्कि अपने सुख–दुख साझा करने, मन की शांति पाने और जीवन के संघर्षों में आशा का संबल प्राप्त करने आते हैं। यही कारण है कि जब किसी मंदिर में चोरी होती है, तो उसका प्रभाव केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहता। यह करोड़ों लोगों की आस्था, सामाजिक विश्वास और सांस्कृतिक चेतना पर सीधा आघात होता है।

बीते कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से मंदिरों में दानपेटियां तोड़ने, नकदी चुराने, बहुमूल्य आभूषण गायब करने, प्राचीन मूर्तियों की तस्करी करने और धार्मिक सामग्री की चोरी जैसी घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। कई मामलों में अपराधियों ने आधुनिक तकनीक का उपयोग किया, जबकि कई घटनाओं में अंदरूनी मिलीभगत की आशंका भी सामने आई। यह स्थिति केवल कानून–व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि समाज के नैतिक मूल्यों और धार्मिक संस्थाओं की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं न कहीं गंभीर कमी रह गई है। जिस स्थान को लोग सबसे सुरक्षित और पवित्र मानते हैं, यदि वही अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बनने लगे, तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है।

मंदिरों में चोरी को सामान्य संपत्ति–अपराध की श्रेणी में रखकर उसकी गंभीरता को कम नहीं आंका जा सकता। किसी दुकान, मकान या कार्यालय में चोरी आर्थिक क्षति पहुंचाती है, लेकिन मंदिर में चोरी विश्वास की जड़ों को भी कमजोर करती है। श्रद्धालु अपनी कमाई का एक हिस्सा ईश्वर के प्रति कृतज्ञता, सेवा और समाजहित की भावना से दान करते हैं। वे यह विश्वास रखते हैं कि उनका अर्पण धर्मार्थ कार्यों, सामाजिक सेवा और मंदिर व्यवस्था में उपयोग होगा। जब वही धन चोरी हो जाता है, तो केवल दानपेटी खाली नहीं होती, बल्कि श्रद्धालु के मन में भी संदेह और पीड़ा जन्म लेती है। यही कारण है कि मंदिरों में चोरी की घटनाएं समाज में सामान्य अपराधों की तुलना में कहीं अधिक भावनात्मक प्रतिक्रिया उत्पन्न करती हैं।

ऐसी घटनाओं के पीछे कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण नकद दान की परंपरा है। आज भी देश के अधिकांश मंदिरों में बड़ी मात्रा में नकद चढ़ावा आता है। अनेक छोटे और मध्यम मंदिरों में दान की गणना, सुरक्षित भंडारण और बैंक में जमा करने की वैज्ञानिक व्यवस्था नहीं होती। कई बार दानपेटियां लंबे समय तक नहीं खोली जातीं, जिससे उनमें बड़ी मात्रा में नकदी जमा हो जाती है। यह स्थिति अपराधियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाती है। जहां सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो और बड़ी मात्रा में नकद धन उपलब्ध हो, वहां अपराध की संभावना स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है।

दूसरा महत्वपूर्ण कारण सुरक्षा व्यवस्था की अपर्याप्तता है। महानगरों के कुछ प्रसिद्ध मंदिरों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे, आधुनिक अलार्म सिस्टम, रात्रि सुरक्षा, प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी और डिजिटल निगरानी जैसी व्यवस्थाएं या तो उपलब्ध नहीं हैं या केवल औपचारिक रूप से स्थापित हैं। कई कैमरे खराब पड़े रहते हैं, रिकॉर्डिंग का बैकअप सुरक्षित नहीं होता और नियमित निगरानी भी नहीं की जाती। अपराधी इन कमियों का अध्ययन कर योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम देते हैं।

प्रबंधन संबंधी कमजोरियां भी ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देती हैं। अनेक मंदिरों का संचालन पारंपरिक ढंग से होता है, जहां वित्तीय जवाबदेही और प्रशासनिक पारदर्शिता के स्पष्ट मानक नहीं बने हैं। दान की गणना, लेखा–जोखा, व्यय और भंडारण की प्रक्रिया कई बार व्यवस्थित नहीं होती। जहां जवाबदेही कमजोर होती है, वहां गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की संभावना बढ़ जाती है। कुछ मामलों में चोरी बाहरी अपराधियों द्वारा नहीं, बल्कि अंदरूनी मिलीभगत से भी की जाती है। यह स्थिति अधिक चिंताजनक इसलिए है क्योंकि इससे संस्था के भीतर का विश्वास भी टूटता है।

सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियां भी इस समस्या से जुड़ी हुई हैं। बेरोजगारी, नशे की लत, कर्ज का बोझ, त्वरित धन कमाने की मानसिकता और नैतिक मूल्यों का ह्रास कुछ लोगों को अपराध की ओर धकेलता है। हालांकि इन कारणों के आधार पर किसी भी अपराध का औचित्य सिद्ध नहीं किया जा सकता। मंदिरों में चोरी केवल आर्थिक मजबूरी का परिणाम नहीं होतीय अनेक मामलों में यह संगठित अपराध, मूर्ति तस्करी और पेशेवर गिरोहों की सुनियोजित गतिविधि होती है। विशेष रूप से प्राचीन मूर्तियों और दुर्लभ धार्मिक कलाकृतियों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध मांग भी ऐसे अपराधों को बढ़ावा देती है।

मंदिर में चोरी का सबसे गहरा प्रभाव श्रद्धालुओं की भावनाओं पर पड़ता है। जब कोई व्यक्ति अपने परिवार की खुशहाली, बच्चों के भविष्य, स्वास्थ्य या किसी मनोकामना की पूर्ति के लिए श्रद्धापूर्वक दान करता है, तो वह केवल धन नहीं देता, बल्कि अपना विश्वास भी समर्पित करता है। यदि वही विश्वास असुरक्षित महसूस करने लगे तो समाज में धार्मिक संस्थाओं के प्रति संदेह बढ़ने लगता है। कई लोग दान देने से हिचकने लगते हैं, मंदिर समितियों पर प्रश्न उठने लगते हैं और स्थानीय स्तर पर आरोप–प्रत्यारोप का वातावरण बन जाता है। इस प्रकार एक चोरी केवल धन का नुकसान नहीं करती, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सामुदायिक एकता को भी प्रभावित करती है।

धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को केवल धार्मिक विषय मानना भी पर्याप्त नहीं है। यह सार्वजनिक नीति, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रश्न है। जिस प्रकार बैंक, संग्रहालय, विद्यालय और सार्वजनिक संस्थानों के लिए सुरक्षा के मानक निर्धारित होते हैं, उसी प्रकार मंदिरों के लिए भी न्यूनतम सुरक्षा मानक तय किए जाने चाहिए। प्रत्येक मंदिर की आय, आकार और संवेदनशीलता के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था विकसित की जा सकती है। बड़े मंदिरों में अत्याधुनिक निगरानी व्यवस्था, नियंत्रित प्रवेश, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और डिजिटल प्रबंधन आवश्यक है, जबकि छोटे मंदिरों में स्थानीय पुलिस, ग्राम समितियों और नागरिकों के सहयोग से प्रभावी सुरक्षा तंत्र विकसित किया जा सकता है।

आज के डिजिटल युग में तकनीक इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे, क्लाउड आधारित रिकॉर्डिंग, गति–संवेदी अलार्म, बायोमेट्रिक प्रवेश प्रणाली, स्मार्ट लॉक और आपातकालीन सूचना प्रणाली मंदिरों की सुरक्षा को मजबूत बना सकती हैं। दानपेटियों को निर्धारित समय पर ही खोला जाए और यह प्रक्रिया कम–से–कम दो या तीन जिम्मेदार व्यक्तियों की उपस्थिति में पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो। नकद गिनती की वीडियो रिकॉर्डिंग, हस्ताक्षरित रजिस्टर और बैंक में तत्काल जमा की व्यवस्था से अनियमितताओं की संभावना काफी कम हो सकती है।

डिजिटल दान प्रणाली भी समय की आवश्यकता बन चुकी है। यूपीआई, क्यूआर कोड, नेट बैंकिंग और ऑनलाइन भुगतान जैसी व्यवस्थाएं नकदी पर निर्भरता कम कर सकती हैं। इससे चोरी का जोखिम घटेगा और दान की पारदर्शिता भी बढ़ेगी। श्रद्धालुओं को डिजिटल रसीद उपलब्ध कराई जा सकती है तथा मंदिरों की आय और व्यय का वार्षिक विवरण सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जा सकता है। पारदर्शिता बढ़ने से श्रद्धालुओं का विश्वास भी मजबूत होगा और प्रबंधन की विश्वसनीयता भी बढ़ेगी।

सुरक्षा व्यवस्था केवल उपकरणों से मजबूत नहीं होतीय उसके लिए उत्तरदायी प्रबंधन भी आवश्यक है। मंदिर समितियों को नियमित आंतरिक और बाहरी ऑडिट कराना चाहिए। आय–व्यय का स्वतंत्र परीक्षण, संपत्तियों का डिजिटलीकरण, बहुमूल्य आभूषणों का सुरक्षित भंडारण और समय–समय पर भौतिक सत्यापन अनिवार्य होना चाहिए। जहां जवाबदेही स्पष्ट होगी, वहां भ्रष्टाचार और चोरी की संभावनाएं स्वतः कम होंगी।

समाज की भूमिका भी इस विषय में अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी धार्मिक स्थल की सुरक्षा केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं हो सकती। स्थानीय समुदाय, श्रद्धालु, स्वयंसेवी संगठन और मंदिर समितियां यदि सामूहिक जिम्मेदारी का भाव विकसित करें तो अपराधियों के लिए अवसर कम हो जाएंगे। पड़ोस की सतर्कता, संदिग्ध गतिविधियों की समय पर सूचना और सामुदायिक निगरानी कई अपराधों को घटित होने से पहले ही रोक सकती है। मंदिर केवल पुजारियों या ट्रस्ट की संपत्ति नहीं हैंय वे पूरे समाज की सांस्कृतिक धरोहर हैं।

नैतिक शिक्षा का भी इस संदर्भ में विशेष महत्व है। यदि बचपन से ही बच्चों और युवाओं में ईमानदारी, सार्वजनिक संपत्ति के सम्मान और धार्मिक स्थलों की गरिमा के प्रति संवेदनशीलता विकसित की जाए तो अपराध की मानसिकता को जड़ से कमजोर किया जा सकता है। विद्यालयों, परिवारों और सामाजिक संस्थाओं को यह संदेश देना होगा कि मंदिरों की सुरक्षा केवल ताले और कैमरों से नहीं, बल्कि चरित्र और संस्कारों से भी होती है। कानून भय पैदा कर सकता है, लेकिन नैतिकता अपराध की इच्छा को समाप्त करती है।

कानून व्यवस्था को भी ऐसे मामलों में अधिक प्रभावी बनाना होगा। यदि मंदिरों में चोरी संगठित अपराध, मूर्ति तस्करी या धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से की गई हो तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई आवश्यक है। जांच में देरी, लंबी न्यायिक प्रक्रिया और कमजोर अभियोजन अपराधियों का मनोबल बढ़ाते हैं। त्वरित जांच, वैज्ञानिक साक्ष्य, प्रभावी अभियोजन और समयबद्ध न्याय से ही यह संदेश जाएगा कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सजा का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि भविष्य के अपराधों को रोकना भी होना चाहिए।


इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि समाज इस विषय को राजनीतिक या सांप्रदायिक दृष्टि से देखने की बजाय एक साझा नागरिक उत्तरदायित्व के रूप में स्वीकार करे। किसी भी धर्मस्थल पर अपराध, उस धर्म विशेष का नहीं बल्कि पूरे समाज के नैतिक ताने–बाने का प्रश्न है। आस्था के केंद्र सुरक्षित रहेंगे तभी सामाजिक विश्वास भी सुरक्षित रहेगा। धार्मिक संस्थाओं की विश्वसनीयता, पारदर्शिता और सुरक्षा लोकतांत्रिक समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि मंदिरों को केवल पूजा–अर्चना के स्थान के रूप में नहीं, बल्कि ऐसे सार्वजनिक संस्थानों के रूप में देखा जाए जहां श्रद्धा के साथ–साथ उत्तरदायित्व, पारदर्शिता और आधुनिक प्रबंधन भी समान रूप से महत्वपूर्ण हों। परंपरा और तकनीक का संतुलित समन्वय ही भविष्य की दिशा है। यदि आस्था की रक्षा करनी है तो सुरक्षा को भी उतनी ही गंभीरता से अपनाना होगा जितनी श्रद्धा को दी जाती है।

मंदिरों में चोरी केवल ताले टूटने की घटना नहीं होतीय वह समाज के विश्वास में दरार पड़ने का संकेत होती है। इस दरार को भरने के लिए केवल पुलिस कार्रवाई पर्याप्त नहीं, बल्कि संवेदनशील प्रशासन, आधुनिक सुरक्षा, पारदर्शी प्रबंधन, सक्रिय समाज और मजबूत नैतिक संस्कृतिकृइन सभी का संयुक्त प्रयास आवश्यक है। जब श्रद्धा के साथ सुरक्षा, विश्वास के साथ जवाबदेही और परंपरा के साथ आधुनिक व्यवस्था जुड़ेगी, तभी मंदिर वास्तव में समाज की आत्मा और विश्वास के सबसे सुरक्षित केंद्र बने रह सकेंगे। अन्यथा हर नई चोरी केवल धन की नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक आस्था और सामाजिक विश्वास की चोरी बनती रहेगी।

## डिजिटल सेवाएं, साइबर ठगी और बुर्जुग

—विवेक शर्मा—



तकनीक दौर में चुनौती यह है कि विकास समावेशी हो। डिजिटल सेवाओं का डिजाइन वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप बनाया जाए। बैंकिंग व सरकारी एप अधिक सरल हों, बड़े वित्तीय लेनदेन में अतिरिक्त मानवीय सत्यापन की व्यवस्था हो तथा साइबर सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाएं।

तकनीक ने मानव जीवन की रफ्तार को अभूतपूर्व गति दी है। सुबह की चाय के डिजिटल भुगतान से लेकर हवाई टिकट और बैंकिंग तक, सब कुछ अब एक छोटी–सी स्क्रीन पर सिमट गया है। युवाओं के लिए यह सुविधा और अवसर का नया संसार है, लेकिन हमारे बुजुर्गों के लिए यही दुनिया कई बार उलझन, असुरक्षा और निर्भरता का कारण बन जाती है। अपनों से जुड़े रहने की खुशी और हर काम के डिजिटल होने की मजबूरी के बीच पुरानी पीढ़ी जिस संघर्ष से गुजर रही है, वह आज की एक बड़ी विडंबना बन गई है।

स्मार्टफोन अब केवल युवाओं का उपकरण नहीं रहा। दादा–दादी वीडियो कॉल पर दूर बैठे अपने पोते–पोतियों को देखकर भावुक हो उठते हैं। व्हाट्सएप पर परिवार से जुड़े रहना, पुराने मित्रों को खोजना और यूट्यूब पर भजन सुनना उनके अकेलेपन को काफी हद तक कम करता है। लेकिन यही तकनीक कई बार उनके लिए परेशानी का कारण भी बन जाती है। स्क्रीन पर दर्जनों एप, लगातार आने वाले संदेश, अचानक बदली हुई सेटिंग या किसी जरूरी फाइल के मिट जाने का डर उन्हें हमेशा असहज बनाए रखता है। छोटी–सी तकनीकी चूक भी उनका आत्मविश्वास डगमगा देती है। कई बुजुर्ग इस डर से स्मार्टफोन का सीमित उपयोग करते हैं और हर नए डिजिटल काम के लिए परिवार के किसी सदस्य का इंतजार करते हैं। उनकी आत्मनिर्भरता भी प्रभावित होती है।

सबसे गंभीर चिंता साइबर ठगी का बढ़ता खतरा है। डिजिटल दुनिया की सीमित समझ का फायदा उठाकर अपराधी बुजुर्गों को सबसे आसान निशाना बना रहे हैं। फर्जी बैंक अधिकारी, पुलिसकर्मी या सरकारी कर्मचारी बनकर फोन करना अब आम बात हो गई है। शडिजिटल अरेस्टश जैसे नए साइबर अपराधों में ठग वीडियो कॉल के जरिए कानूनी कार्रवाई का डर दिखाकर वरिष्ठ नागरिकों से लाखों–करोड़ों रुपये ठग लेते हैं। केवाईसी अपडेट, पेंशन बंद होने या बैंक खाते के सत्यापन के नाम पर ओटीपी और बैंक विवरण हासिल कर जीवनभर की जमा–पूंजी साफ कर दी जाती है। आर्थिक नुकसान उन्हें गहरा मानसिक आघात भी पहुंचाता है, जिससे कई बुजुर्ग अवसाद और असुरक्षा के शिकार हो जाते हैं। कई मामलों में ठगी के बाद वे खुद को दोषी मानने लगते हैं, परिवार के सामने अपनी बात रखने से हिचकिचाते हैं। स्थिति आर्थिक ही नहीं, भावनात्मक संकट भी पैदा करती है।

मगर वे इस डिजिटल व्यवस्था से दूर नहीं रह सकते। पेंशन, बैंकिंग, बिजली–पानी के बिल, सरकारी योजनाएं और स्वास्थ्य सेवाएं लगातार ऑनलाइन होती जा रही हैं। पहले पेंशनभोगी बैंक जाकर जीवन प्रमाण पत्र जमा करते थे। अब डिजिटल जीवन प्रमाण की प्रक्रिया में बायोमेट्रिक सत्यापन जरूरी है। बढ़ती उम्र के साथ उंगलियों के निशान धुंधले पड़ जाने से कई बार सत्यापन सफल नहीं हो पाता। ऐसे में उन्हें बार–बार सेवा केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। बैंकिंग भी अब पासबुक से आगे बढ़कर पासवर्ड, ओटीपी और मोबाइल एप पर निर्भर हो गई है। एक पासवर्ड भूल जाने का मतलब कई बार अपने ही पैसे के लिए दूसरों पर निर्भर हो जाना है। रेलवे टिकट, अस्पताल में पंजीकरण, गैस बुकिंग, बीमा, पेंशन और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने जैसी अनेक सेवाओं में भी डिजिटल माध्यम प्रमुख हो चुका है। ऐसे में तकनीक से दूरी का अब विकल्प नहीं रह गया है।

## चंदा चोरी पर गरमाई राजनीति

—संजय सक्सेना—



अयोध्या के रामलला मंदिर में चढ़ावे और दान की राशि में कथित गड़बड़ी का मामला अब केवल आस्था और आपराधिक जांच का विषय नहीं रह गया, बल्कि यह अगले साल होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले सबसे बड़े राजनीतिक हथियार के रूप में उभरता दिख जरूर रहा है, लेकिन ऐसा हो पायेगा, यह समय बतायेगा। 07 जून को समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस मामले को सार्वजनिक करते हुए योगी सरकार पर सीधा हमला बोला था। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा था कि अयोध्या में मंदिर के चढ़ावे को लेकर जो जानकारी सामने आई है, वह गंभीर चिंता का विषय है। इसके साथ ही यह मामला राष्ट्रीय सुर्खियों में आ गया और सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तेजी दिखाते हुए 13 जून को राम मंदिर ट्रस्ट की सिफारिश पर तीन सदस्यों वाली एसआईटी का गठन कर दिया। जांच टीम ने मंदिर परिसर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज, बैंक रिकॉर्ड और दान गिनने वाले कर्मचारियों से पूछताछ शुरू की। शुरुआती जांच में ही चौंकाने वाले खुलासे सामने आए। करीब 2 करोड़ रुपये नकद, एक कार और तीन आईफोन बरामद होने का दावा किया गया, जबकि कुछ कर्मचारियों से पूछताछ जारी रही। बाद में एसआईटी की 20 पन्नों की रिपोर्ट में और भी गंभीर तथ्य सामने आए। रिपोर्ट के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज में चढ़ावा चोरी की 70 घटनाएं दर्ज हुई और यह कथित रैकेट पिछले दो से तीन वर्षों से सक्रिय था। जांच में यह भी सामने आया कि मुख्य आरोपी टिन्नू यादव के पास बिना किसी आदेश के हुंडियों की चाबियां मौजूद थीं, और पूछताछ में कुछ सरकारी बैंक कर्मचारियों की संलिप्तता के संकेत भी मिले।

रिपोर्ट आने के बाद योगी सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 26 जून को मामले में एफआईआर दर्ज कर आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस घटनाक्रम के दबाव में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्ट सदस्य अनिल मिश्रा ने अपने–अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री योगी ने इस पूरे प्रकरण पर सख्त लहजे में कहा, एसआईटी रिपोर्ट आते ही कार्रवाई शुरू हो गई। हम सच्चाई और झूठ को अलग–अलग कर देंगे। सनातन धर्म के विश्वास के साथ छेड़छाड़ करने वालों को परिणाम भुगतना पड़ेगा। किसी को भी छूट नहीं दी जाएगी। कई सार्वजनिक मंचों से उन्होंने बार–बार यही संदेश दोहराया कि एसआईटी की रिपोर्ट आते ही कार्रवाई शुरू हो गई है और जन आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, दूध का दूध और पानी का पानी होगा। लेकिन सियासी पिच पर यह मामला अब सिर्फ प्रशासनिक कार्रवाई तक सीमित नहीं रहा। अखिलेश यादव के आरोपों के बाद योगी और भाजपा ने भी पलटवार में देर नहीं की। सीएम योगी ने याद दिलाया कि सपा सरकार के दौरान ही थानों और जेलों में जन्माष्टमी मनाने पर रोक लगाई गई थी और कांवड़ यात्रा प्रतिबंधित थी। साथ ही कारसेवकों पर गोली चलाने के अतीत को दोहराकर बीजेपी ने सपा को बैकफुट पर धकेलने की कोशिश की। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, यह त्वरित और कठोर कार्रवाई अखिलेश के उस आरोप की धार कुंद करने की रणनीति है कि सरकार भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही है। देवरिया की एक सभा में सीएम योगी ने और तीखा रुख अपनाते हुए कहा, अयोध्या पर आक्षेप मत करो, प्रभु श्रीराम की मर्यादा का पालन करना सीखो। इस पूरे विवाद में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और असदुद्दीन ओवैसी सहित लगभग सभी विपक्षी दल सक्रिय हो गए हैं। आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह ने भी योगी सरकार को घेरते हुए कहा था कि राम मंदिर जैसे आस्था के केंद्र में दान राशि की कथित चोरी बेहद गंभीर मामला है और इसकी निष्पक्ष व पारदर्शी जांच होनी चाहिए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

